**Series : GEF1H**

**SET ~ 4**

रोल नं.

Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**प्रश्न-पत्र कोड**

**Q.P. Code** **37**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# गृह विज्ञान
# HOME SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **70***

**नोट / NOTE** #

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
Please check that this question paper contains **15** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **35** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

*(ii)* इस प्रश्न-पत्र में कुल **35** प्रश्न हैं।

*(iii)* प्रश्न-पत्र को **तीन** खण्डों – **खण्ड क, ख** और **ग** में बाँटा गया हैं।

*(iv)* **खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **18** वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। प्रश्न संख्या **15** से **18** केस स्टडी-आधारित प्रश्न हैं।

*(v)* **खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **19** से **25,** प्रत्येक प्रश्न **2** अंक के तथा प्रश्न संख्या **26** से **29**, प्रत्येक प्रश्न **3** अंक के हैं।

*(vi)* **खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **30** से **33,** प्रत्येक प्रश्न **4** अंक के तथा प्रश्न संख्या **34** से **35**, प्रत्येक प्रश्न **5** अंक के हैं।

*(vii)* कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

*(viii)* जहाँ भी आवश्यक हो, उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तरों का समर्थन कीजिए।

## खण्ड क

### (वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न)

**1.** व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के लिए हाथों को अच्छी तरह से ______________ तक धोना चाहिए। *1*

(A) 10 सैकेंड (B) 15 सैकेंड

(C) 25 सैकेंड (D) 20 सैकेंड

**2.** रेशमी कपड़ों की फिनिशिंग के लिए उपयोग किया जाने वाला स्टिफनिंग एजेंट ______________ है। *1*

**3.** 3 – 5 साल के बच्चों के लिए खोजपूर्ण खेल का एक उदाहरण दीजिए। *1*

**4.** दाग का ***ग़लत*** जोड़ा और उसका प्रकार चुनिए। *1*

(A) पशु – तेल

(B) पौधा – करी

(C) खनिज – जंग

(D) डाई – पेंट

***General Instructions :***

*(i)* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *There are total* ***35*** *questions in this question paper.*

*(iii)* *The Question paper is divided into* ***three*** *sections —* ***A****,* ***B*** *and* ***C****.*

*(iv)* ***Section A*** *has Questions No.* ***1*** *to* ***18*** *Objective Type Questions and are of* ***1*** *mark each. Questions No.* ***15*** *to* ***18*** *are case study-based questions.*

*(v)* ***Section B*** *has Questions No.* ***19*** *to* ***25*** *of* ***2*** *marks each and Questions No.* ***26*** *to* ***29*** *are of* ***3*** *marks each.*

*(vi)* ***Section C*** *has Questions No.* ***30*** *to* ***33*** *of* ***4*** *marks each and Questions No.* ***34*** *and* ***35*** *are of* ***5*** *marks each.*

*(vii)* *Internal choice is given in some questions.*

*(viii)* *Support your answer with suitable examples, wherever required.*

## SECTION A

## (Objective Type Questions)

**1.** Hands should be thoroughly washed for ____________ to maintain personal hygiene. *1*

(A) 10 seconds (B) 15 seconds

(C) 25 seconds (D) 20 seconds

**2.** The stiffening agent used for finishing silk fabrics is _____________. *1*

**3.** Give an example of exploratory play for a 3 – 5-year-old child. *1*

**4.** Choose the ***incorrect*** pair of stain and its type. *1*

(A) Animal – Oil

(B) Plant – Curry

(C) Mineral – Rust

(D) Dye – Paint

5. जब समय और ऊर्जा बचाने के लिए दो गतिविधियों को एक साथ समूहीकृत और एक साथ निर्धारित किया जाता है, तो उसे _____________ कहा जाता है। *1*

(A) थकान (B) समय योजना

(C) श्रम बचत (D) सामंजस्य स्थापित करना

6. कपड़ों को नम अवस्था में क्यों ***नहीं*** रखना चाहिए ? *1*

7. बच्चों में एंडोमोर्फिक बॉडी टाइप क्या है ? *1*

8. सूची-I तथा सूची-II का मिलान कीजिए : *1*

| | *सूची-I* *(धब्बा)* | | *सूची-II* *(दाग हटाने वाला एजेंट)* |
|---|---|---|---|
| 1. | तेल | (i) | ग्रीस विलायक |
| 2. | पेंट | (ii) | क्षारीय अभिकर्मक |
| 3. | पसीना | (iii) | अम्लीय अभिकर्मक |
| 4. | जंग का दाग | (iv) | ग्रीस अवशोषक |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i), 4-(iv) (B) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

(C) 1-(iii), 2-(ii), 3-(iv), 4-(i) (D) 1-(iv), 2-(i), 3-(iii), 4-(ii)

9. सूची-I तथा सूची-II का मिलान कीजिए : *1*

| | *सूची-I* *(खाद्य सामग्री)* | | *सूची-II* *(पोषक तत्व)* |
|---|---|---|---|
| 1. | अरहर दाल | (i) | कार्बोहाइड्रेट |
| 2. | पत्ते वाली सब्जियाँ | (ii) | प्रोटीन |
| 3. | बाजरा | (iii) | फैट (वसा) |
| 4. | घी | (iv) | फाइबर |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) 1-(ii), 2-(iv), 3-(i), 4-(iii) (B) 1-(ii), 2-(iii), 3-(iv), 4-(i)

(C) 1-(i), 2-(ii), 3-(iv), 4-(iii) (D) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

**5.** When two activities are grouped together and scheduled together to save time and energy, it is called ____________. *1*

(A) Fatigue (B) Time Plan

(C) Labour saving (D) Dovetailing

**6.** Why clothes should ***not*** be stored in moist conditions ? *1*

**7.** What is endomorphic body type in children ? *1*

**8.** Match List-I with List-II : *1*

| | *List-I* *(Stain)* | | *List-II* *(Stain Removal Agent)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Oil | (i) | Grease solvent |
| 2. | Paint | (ii) | Alkaline reagent |
| 3. | Perspiration | (iii) | Acidic reagent |
| 4. | Rust | (iv) | Grease absorbent |

Choose the correct option from the following :

(A) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i), 4-(iv) (B) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

(C) 1-(iii), 2-(ii), 3-(iv), 4-(i) (D) 1-(iv), 2-(i), 3-(iii), 4-(ii)

**9.** Match List-I with List-II : *1*

| | *List-I* *(Food item)* | | *List-II* *(Nutrients)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Arhar dal | (i) | Carbohydrate |
| 2. | Leafy vegetables | (ii) | Protein |
| 3. | Millets | (iii) | Fat |
| 4. | Ghee | (iv) | Roughage |

Choose the correct option from the following :

(A) 1-(ii), 2-(iv), 3-(i), 4-(iii) (B) 1-(ii), 2-(iii), 3-(iv), 4-(i)

(C) 1-(i), 2-(ii), 3-(iv), 4-(iii) (D) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

**10.** किस उम्र में एक बच्चे के पास 2000 से 2500 शब्दों की शब्दावली होती है ? *1*

(A) 2 – 3 साल (B) 5 – 6 साल

(C) 7 – 8 साल (D) 9 – 10 साल

**11.** निम्नलिखित में से किन दो तरीकों से कम लागत वाला भोजन तैयार किया जा सकता है ? *1*

(i) सब्जियों को समान रूप से काटें

(ii) मौसमी खाद्य पदार्थ खरीदें

(iii) दाल को पकाने से पहले भिगो दें

(iv) बचे हुए भोजन को आकर्षक तरीके से संशोधित करें

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (ii) और (iv)

(B) (i) और (iii)

(C) (ii) और (iii)

(D) (i) और (iv)

**12.** आर्जेमोन क्या होता है ? मानव स्वास्थ्य पर इसके दो हानिकारक प्रभाव बताइए। *1*

**13.** नीचे दिए गए दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। *1*

*अभिकथन (A) :* बाल बंधे तथा ढके होने चाहिए ताकि बाल झड़ कर ना गिरें।

*कारण (R) :* यह अच्छी स्वच्छता संबंधी आदतों को सुनिश्चित करता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**14.** डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों पर भ्रामक जानकारी का एक उदाहरण दीजिए। *1*

**10.** At which age does a child have a vocabulary of 2000 to 2500 words ? *1*

(A) 2 – 3 years (B) 5 – 6 years

(C) 7 – 8 years (D) 9 – 10 years

**11.** In which of the following two ways can low cost meals be prepared ? *1*

(i) Cut vegetables evenly

(ii) Buy seasonal foods

(iii) Soak dal before cooking

(iv) Modify leftover food in an appealing manner

Choose the correct option from the following :

(A) (ii) and (iv)

(B) (i) and (iii)

(C) (ii) and (iii)

(D) (i) and (iv)

**12.** What is Argemone ? Give two of its harmful effects on human health. *1*

**13.** Given below are two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R). *1*

*Assertion (A) :* Hair should be tied and covered to keep hair from falling.

*Reason (R) :* It ensures good hygiene practices.

Select the most appropriate answer from the options given below :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**14.** Give one example of misleading information on packaged food products. *1*

## केस स्टडी-आधारित प्रश्न

*अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और प्रश्न संख्या **15** से **18** तक उत्तर दीजिए।*

संसाधनों को मानव और गैर-मानव के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है और इनमें समय, पैसा और ऊर्जा जैसे आवश्यक तत्त्व शामिल होते हैं, जो सभी सीमित होते हैं। इन संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन का मतलब है कि उन्हें समझदारी से उपयोग करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया जाए। उदाहरण के लिए, जब आप किसी दोस्त के घर जाते हैं, चाहे आप साइकिल से जाएँ या पैदल, आपको समय और ऊर्जा दोनों की आवश्यकता होगी। यदि आप एक शॉर्टकट चुनते हैं, तो आप जल्दी अपने गंतव्य तक पहुँच सकते हैं, जिससे दोनों संसाधनों को बचाया जा सकता है। यह दर्शाता है कि समय और ऊर्जा का एक साथ प्रबंधन करना, रोज़मर्रा के कामों में दक्षता और उत्पादकता को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण है। समझदारी से चुनाव करने से हम अपने सीमित संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर सकते हैं।

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा समय योजना बनाने के लिए महत्त्वपूर्ण कारक ***नहीं*** है ? *1*

(A) श्रम बचाने वाले उपकरणों का उपयोग

(B) शिखर लोड पर विचार

(C) फर्श पर झाड़ू लगाते समय का पोस्चर

(D) गतिविधियों का अनुक्रम

**16.** सूची-I तथा सूची-II का मिलान कीजिए : *1*

| | *सूची-I (कारक)* | | *सूची-II (उदाहरण)* |
|---|---|---|---|
| 1. | गतिविधियों का अनुक्रम | (i) | काम पर जाने से पहले सुबह की गतिविधियाँ |
| 2. | शिखर लोड | (ii) | मैक्रोनी उबालना और सब्जियाँ काटना |
| 3. | डोवटेलिंग | (iii) | चटनी बनाने के लिए मिक्सर का उपयोग |
| 4. | श्रम बचाने वाले उपकरणों का उपयोग | (iv) | किडनी बीन्स को पकाने से पहले भिगोना |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) 1-(iii), 2-(ii), 3-(iv), 4-(i)

(B) 1-(i), 2-(ii), 3-(iv), 4-(iii)

(C) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i)

(D) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

## Case Study-Based Questions

*Read the passage carefully and answer Questions no. **15** to **18**.*

Resources can be classified as human and non-human, and include essential elements like time, money and energy, all of which are limited. Effective management of these resources means utilizing them wisely to achieve our goals. For instance, when visiting a friend's house, whether you ride a bicycle or walk, you will need both time and energy. By choosing a shortcut, you can reach your destination faster, thereby saving both resources. This illustrates the importance of managing time and energy together to enhance efficiency and productivity in everyday tasks. Making smart choices helps us maximize our limited resources.

**15.** Which of the following is ***not*** *an* important factor for making a time plan ? *1*

(A) Use of labour saving devices

(B) Peak load consideration

(C) Posture while sweeping the floor

(D) Sequence of activities

**16.** Match List-I with List-II : *1*

| | *List-I* *(Factor)* | | *List-II* *(Example)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Sequence of activities | (i) | Activities in the morning before going to work |
| 2. | Peak load | (ii) | Boiling macaroni and chopping vegetables |
| 3. | Dovetailing | (iii) | Using mixer to make chutney |
| 4. | Use of labour saving devices | (iv) | Soaking kidney beans before cooking |

Choose the correct option from the following :

(A) 1-(iii), 2-(ii), 3-(iv), 4-(i)

(B) 1-(i), 2-(ii), 3-(iv), 4-(iii)

(C) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i)

(D) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा मानसिक थकावट का कारण ***नहीं*** है ? *1*

(A) एकरस कार्य

(B) कम प्रेरणा

(C) अत्यधिक ओवरलोड

(D) अत्यधिक हस्तक्षेप

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा समय योजना बनाने का कदम ***नहीं*** है ? *1*

(A) विभिन्न कार्यों के लिए पैसे का आवंटन करना

(B) मास्टर शेड्यूल बनाना

(C) परिवार के सदस्यों को कार्य सौंपना

(D) प्रत्येक गतिविधि के लिए समय आवंटित करना

## खण्ड ख
## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

**19.** फाइन (सूक्ष्म) मोटर कौशल क्या होते हैं ? 3 – 5 वर्ष के बच्चों में बचपन के आरंभिक वर्षों में विकसित फाइन मोटर कौशल के दो उदाहरण दीजिए। *2*

**20.** भोजन संचालक को किस प्रकार के कपड़े पहनने चाहिए ? *2*

**21.** खाद्य सुरक्षा को परिभाषित कीजिए और दो तरीकों का उल्लेख कीजिए जिनके द्वारा FSSAI भोजन की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। *2*

**22.** साबुन की तुलना में सिन्डेट्स बेहतर परिणाम क्यों देते हैं ? *2*

**23.** धोने से पहले कपड़ों को छांटते समय आप किन कारकों को ध्यान में रखेंगे ? *2*

**24.** बचे हुए भोजन का भंडारण करते समय ध्यान रखने योग्य दो बातें बताइए। *2*

**25.** चार तरीकों की सूची बनाएँ जिनमें उपभोक्ता शिक्षा, उपभोक्ताओं की मदद करती है। *2*

**26.** भोजन योजना को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों पर चर्चा कीजिए। *3*

**17.** Which of the following is ***not*** a reason for psychological fatigue ? *1*

(A) Monotonous work

(B) Low motivation

(C) Too much overload

(D) Too much of interference

**18.** Which of the following is ***not*** a step of making a time plan ? *1*

(A) Allocating money for various tasks

(B) Making a master schedule

(C) Assigning jobs to family members

(D) Allocating time to each activity

## SECTION B

### (Short Answer Questions)

**19.** What are fine motor skills ? Give two example of fine motor skills developed in early childhood years among 3 – 5-year-old children. *2*

**20.** What kind of clothing should be worn by a food handler ? *2*

**21.** Define food safety and mention two ways by which FSSAI ensures safety of food. *2*

**22.** Why do syndets give much better results as compared to soaps ? *2*

**23.** What are the factors that you will keep in mind for sorting out of clothes before washing ? *2*

**24.** Mention two points to be kept in mind while storing leftover food. *2*

**25.** List four ways in which consumer education helps the consumers. *2*

**26.** Discuss any three factors that affect meal planning. *3*

**27.** (क) माया का 6 महीने का लड़का है। *2+1=3*

(i) उसे बताइए कि खेल किस प्रकार मानसिक विकास को उत्तेजित करता है।

(ii) 6 महीने के बच्चे के लिए दो खिलौने सुझाइए।

**अथवा**

(ख) सक्रिय और निष्क्रिय खेल के बीच तीन अंतर कीजिए। *3*

**28.** उदाहरणों का उपयोग करके समय योजना बनाने के तीन फायदों पर चर्चा कीजिए। *3*

**29.** दुकानदार द्वारा अपनाए गए दोषपूर्ण बाट और माप के छह तरीके लिखिए। *3*

## खण्ड ग
## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

**30.** रोहित ने ऑफिस पार्टी में भाग लिया और जब वह घर लौटा तो उसे अपनी शर्ट पर एक दाग मिला। वह सोचता रहा कि यह कौन-सा दाग है ? *4*

(i) उसे विभिन्न प्रकार के दागों के बारे में बताइए।

(ii) उसे बताइए कि दागों की पहचान कैसे की जा सकती है।

**31.** मोहन को चलने में दिक्कत हो रही थी। उसने डॉक्टर से सलाह ली। डॉक्टर ने सुझाव दिया कि यह मिलावटी चना दाल के सेवन के कारण हो सकता है। *1+2+1=4*

(i) चना दाल में मौजूद मिलावट का नाम बताइए।

(ii) मिलावटी दाल के सेवन के दो लक्षण लिखिए।

(iii) भ्रामक जानकारी के संबंध में मोहन का एक उत्तरदायित्व लिखिए।

**32.** (क) किशोरों की सामाजिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) किशोरों के बीच निगमनात्मक तर्क और अमूर्त सोच की व्याख्या कीजिए। *4*

**27.** (a) Maya has a 6-month-old baby boy. *2+1=3*

(i) Tell her how play stimulates mental development.

(ii) Suggest two toys for a 6-month-old child.

**OR**

(b) State three differences between active and passive play. *3*

**28.** Discuss three advantages of preparing a time plan using examples. *3*

**29.** Write six methods of faulty weights and measures adopted by the shopkeepers. *3*

## SECTION C

## (Long Answer Questions)

**30.** Rohit attended the office party and found a stain on his shirt when he returned home. He kept wondering what stain it was ? *4*

(i) Tell him about the various types of stains.

(ii) Tell him how to identify the stains.

**31.** Mohan was having difficulty in walking. He consulted a doctor. The doctor suggested it must be due to consumption of adulterated chana dal. *1+2+1=4*

(i) Name the adulterant present in chana dal.

(ii) Write two symptoms of consumption of adulterated dal.

(iii) Write one responsibility of Mohan with respect to misleading information.

**32.** (a) Mention the social characteristics of adolescents. *4*

**OR**

(b) Explain deductive reasoning and abstract thinking among adolescents. *4*

**33.** शीला को कपड़े इस्त्री करना बहुत थका देने वाला काम लगता है। *4*

(i) कपड़े इस्त्री करते समय उसे किस प्रकार की थकान का अनुभव हो रहा है ?

(ii) उसे होने वाली इस प्रकार की थकान के छह संभावित कारण लिखिए।

**34.** रीटा की बेटी जल्द ही स्कूल जाना शुरू कर देगी। उनकी बेटी बहुत ही चुलबुली और खुशमिज़ाज बच्ची है। *5*

(i) रीटा का मार्गदर्शन कीजिए कि उसे अपनी बेटी का लंच बॉक्स पैक करते समय किन विशेष बातों को ध्यान रखना चाहिए।

(ii) भोजन योजना को परिभाषित कीजिए।

**35.** भोजन को स्वच्छ तरीके से संभालने और परोसने के सिद्धांतों पर विस्तार से उदाहरणों सहित चर्चा कीजिए। *5*

**33.** Sheela finds ironing of clothes very tiring. *4*

(i) Which type of fatigue is she experiencing while ironing clothes ?

(ii) Write six possible reasons for the type of fatigue that she is experiencing.

**34.** Rita's daughter will start going to school soon. Her daughter is a very bubbly and happy child. *5*

(i) Guide Rita which specific points she should keep in mind while packing her daughter's lunch box.

(ii) Define meal planning.

**35.** Discuss the principles of hygienic handling and serving of food in detail with examples. *5*